**Rajasthan Medical Services Corporation Limited**
**Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur-302005 (Raj.)**
Phone No: 0141-2228066 , 2228064 Fax No. 0141-2228065 Website: www.rmschealth.rajasthan.gov.in
CIN:U24232RJ2011SGC035067 E_mail : edprmsc@nic.in

F.02(99)/RMSCL/Proc/N-95 mask /NIB-10/2021/3416 Dated:-01\3\2024

## कार्यालय आदेश

सर्जिकल (नॉन–ड्रग आईटम्स) के लिये जारी की गई निविदा सूचना क्रमांक F.02(99)/RMSCL/Proc/N-95 mask /NIB-10/2021/243 Dated: 19.05.2021 के अन्तर्गत फर्म Venus Safety & Health Pvt. Ltd., L -75/76, Taloja MIDC, Tondre, Village, Raigad 410208 द्वारा आईटम कोड NE-67 (N-95 Mask with Valve) के लिये बिड प्रस्तुत की गई थी, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.05.2021 को खोली गई ।

फर्म ने आईटम कोड NE-67 (N-95 Mask with Valve) के लिये दर रू 13.00+5% GST कोट की थी। फर्म M/s Venus Safety & Health Pvt. Ltd को Letter of Acceptance (LOA) क्रमांक 529 दिनांक 01.09.2021 जारी किया गया।

इसके पश्चात् फर्म को निगम द्वारा आपूर्ति आदेश क्रमांक F.1(4)/RMSCL/OSD/2021/1779 (10282102577) दिनांक 22.09.2021 द्वारा मात्रा 1,64,400 नग N-95 Mask with Valve को 10 दिवस में सप्लाई करने हेतु जारी किया गया। परन्तु फर्म द्वारा उक्त आईटम न तो निर्धारित अवधि में सप्लाई किया एवं ना ही सप्लाई अवधि बढ़ाने के लिए अनुरोध किया गया। क्रयादेश में निर्धारित सप्लाई अवधि समाप्ति के पश्चात् फर्म द्वारा Extension की मांग की गई। जिसके क्रम में GF&AR Part-II के नियम–58 के तहत Extension दिया जाना संभव नहीं होने के कारण फर्म को जारी उक्त आपूर्ति आदेश को निगम के पत्र दिनांक 635 दिनांक 29.10.2021 के द्वारा निरस्त किया गया।

प्रकरण निगम की अनुशासनात्मक समिति की बैठक दिनांक 29.03.2023 में रखा गया। फर्म को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर देते हुये अनुशासनात्मक समिति के समक्ष उपस्थित होने बाबत लिखा गया लेकिन फर्म की ओर से कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुआ। अतः फर्म को बिड शर्तो के उल्लंघन के लिये दोषी मानते हुये निविदा की शर्त सं. 14(8) में उल्लेखित प्रावधान अनुशासनात्मक समिति ने निविदा की शर्तो एवं Guidelines for Blacklisting / Debarring of Product or company में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही करने की अनुशंषा की गई।

फर्म को पुनः अवसर प्रदान करते हुए उपापन अनुभाग द्वारा फर्म के विरूद्ध निविदा शर्तों के अनुसार कार्यवाही करने में पूर्व फर्म को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु पत्र दिनांक 3107 दिनांक 06.07.2023 को लिखा गया। जिसके क्रम में फर्म ने दिनांक 13.07.2023 को ई मेल प्रेषित कर सूचित किया कि फर्म द्वारा अनुशासनात्मक समिति की बैठक दिनांक 29.03.2023 से पूर्व दिनांक 28.03.2023 को अभ्यावेदन प्रस्तुत किया था। फर्म द्वारा यह अंकित किया है कि उनकी Consignment दिनांक 15.10.2021 को CMHO Jaipur पहुंच गई थी, किन्तु ई–औषधि पोर्टल पर तकनीकी समस्या के कारण Registration नहीं हो पाया, तत्पश्चात् हमने अनुबंध भी प्रस्तुत किया। आपूर्ति अवधि समाप्ति से एक माह से अधिक समय व्यतीत होने के पश्चात् फर्म के पत्र दिनांक 26.10.2021 द्वारा आपूर्ति अवधि e-aushadhi portal पर बढ़ाने हेतु लिखा जाने के क्रम में निगम द्वारा दिनांक 29.10.2021 फर्म को जारी कयादेश निरस्त कर दिया गया। उक्त अभ्यावेदन के कम में निगम के पत्रांक 3240 दिनांक 25.07.2023 द्वारा Consignment CMHO office Raja park पहुंचाने तथा वापिस ले जाने के साक्ष्य प्रस्तुत करने हेतु लिखा गया। जिसके कम में फर्म द्वारा ई–मेल दिनांक 05.08.2023 प्रेषित कर फर्म द्वारा GST Bill दिनांक 09.10.2021 Airway Bill एवं माल वापिस ले जाने हेतु Transport Company के बिल प्रस्तुत किये है।

तत्पश्चात् उक्त प्रकरण पुनः परीक्षण हेतु अनुशासनात्मक समिति को प्रेषित किया गया। प्रकरण में अनुशासनात्मक समिति की बैठक दिनांक 25.01.2024 में [illegible] अवसर देते हुये अनुशासनात्मक समिति के समक्ष उपस्थित होने [illegible] कोई

Signature valid
Digitally signed by Neha Giri
Designation: Managing Director
Date: 2024.02.29 [illegible]:46:58 IST
Reason: Approved

प्रतिनिधि अनुशासनात्मक समिति के समक्ष उपस्थित नही हुआ। अनुशासनात्मक समिति द्वारा निविदा में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार कार्यवाही करने की अनुशंषा की गई।

निविदा की शर्त सं. 14(8) में निम्नानुसार प्रावधान है:–

"The order stands cancelled after the expiration of delivery period, if the extension is not granted with or without liquidated damages. Apart from risk/alternate purchase action, the Bidder shall also suffer forfeiture of the Performance Security and shall invite other penal action like debarring/disqualification from participating in present and future Bids of Bid Inviting Authority/ordering authority." एवं Guidelines for Blacklisting / Debarring Policy के बिन्दु संख्या 2.2 के अनुसार "The successful tenderer after entering into an agreement withdraw or fail to honour commitments as per tender conditions, Security Deposit of such tenderer firm will be forfeited and firm will be liable for debarring for a period of not less than 2 years."

अतः निविदा की शर्त सं. 14(8) की पालना नहीं किए जाने के कारण M/S Venus Safety & Health Pvt. Ltd को आइटम कोड NE-67 (N-95 Mask with Valve) के लिये आरएमएससी की निविदाओं में भाग (participate) लेने से यह आदेश जारी होने की दिनांक से दो वर्ष की अवधि के लिये डिबार करते हुये उनके द्वारा जमा कराई गई कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रू 56102+18% GST/– (अक्षरे कुल राशि रू छयासठ हजार दो सौ रूपये मात्र) को जब्त किए जाने की स्वीकृति एतद्दद्वारा प्रदान की जाती है।

**प्रबन्ध निदेशक**
**आरएमएससीएल**

क्रमांक : F.02(99)/RMSCL/Proc/N-95 mask /NIB-10/2021/3416 Dated:- 01/3/2024

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. मिशन निदेशक, एन.एच.एम, राजस्थान, जयपुर।
4. आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान, जयपुर।
5. निदेशक, पी.एच/आर.सी.एच/एच.ए/ए.आई.डी.एस/एम.एस.यू/आई.ई.सी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सहायक, प्रबन्ध निदेशक, आर.एम.एस.सी.एल.।
7. कार्यकारी निदेशक (क्यू. सी.), आरएमएससीएल।
8. कार्यकारी निदेशक, (वित्त), आरएमएससीएल को भेज कर लेख है कि मैसर्स Venus Safety & Health Pvt. Ltd. L -75/76, Taloja MIDC, Tondre, Village, Raigad 410208 द्वारा जमा कराई गई कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि रू 56102/- (D.D No 124673 dated 30.10.2021 ICICI BANK) जो कि इस अनुभाग की अनौ टीप कमांक 708 दिनांक 06.12.2021 के द्वारा वित्त अनुभाग को भिजवाया गया है, को जब्त करते हुये इस अनुभाग को सूचित करे।
9. OIC, Supply, आरएमएससीएल।
10. संयुक्त निदेशक, आई.टी., आरएमएससीएल को भेजकर लेख है कि इस आदेश को आरएमएससीएल की वेबसाइट पर अपलोड़ करावें।
11. सम्बन्धित निविदादाता मैसर्स Venus Safety & Health Pvt. Ltd. L-75/76, Taloja MIDC, Tondre, Village, Raigad 410208।

प्रबन्ध निदेशक

Signature valid
Digitally signed by ... Giri
Designation: Managing Director
Date: 2024.02.29 1?:46:58 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref
5869343